अनुभाग -1

(निविदा आमंत्रित करने हेतू सूचना)

सं. आईसीसीआर / बी एंड एस / 47 / 2018-19 दिनांक: 15 जनवरी 2019

(निविदा आमंत्रित करने हेतू सूचना)

विषय: दिल्ली से रिपब्लिक ऑफ कोरिया, सिओल के लिए लगभग 250 किलोग्राम माल के बॉक्स के लिए हवाई माल भाड़ा / परिवहन / श्रम / हैंडलिंग एजेंसी शुल्क इत्यादि ।

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, आई.पी एस्टेट, नई दिल्ली – 110002 सूचीबद्ध शिपिंग और क्लियरिंग एजेंसियों से निविदा आमंत्रित करती है ।

कार्यक्षेत्र :

परिषद की मुख्य गतिविधियों में से एक विदेश में स्थित भारतीय मिशनों के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठित भारतीय व्यक्तित्वों और नेताओं की अर्ध-प्रतिमाए / प्रीतिमाए , भेंट के माध्यम से विदेशों में भारतीय कला, चित्रकला, बस्ट / मूर्तियों का प्रचार – प्रसार करना है । अर्ध-प्रतिमाए / प्रीतिमाए और कला कार्यों सहित को सड़क/ सागर और वायु मार्ग से विदेश में पहुँचाया जाना भी सम्मिलित है ।

वर्तमान में, भा.सां.सं.प. महात्मा गांधी जी की 42 इंच ऊँची आकार की कांस्य अर्ध-प्रतिमा (बस्ट) मै. राम सुतार फ़ाइन आर्ट्स, साहिबाबाद, इंडस्ट्रियल एरिया से उठाना है, जिसका कुल वजन लगभग 250 कि.ग्राम (पेकिंग सहित) तक है को **दिल्ली से रिपब्लिक ऑफ कोरिया, सिओल** भेजना चाहती है जिसके लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

आप सावधानीपूर्वक से जांच कर के और, यदि आप उच्च मानक और समयबद्ध परिवहन सुविधा हेतू हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सक्षम हैं, तो आप प्रोफार्मा एवं अन्य नियम और शर्तों को भर कर हस्ताक्षर करके उन्हें परिषद में भिजवा सकते है ।

निविदा संख्या **आईसीसीआर/बी एंड एस/47/ 2018-19**	दिनांकित: 16 जनवरी 2019
<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ</u>	
प्रकाशन की तारीख	**16.01.2019**
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की प्रारंभिक दिनांक	**16.01.2019**
निविदा भरने की प्रारंभिक दिनांक	**16.01.2019**
निविदा भरने की समाप्ति तिथि	**28.01.2019 (15:00 hrs)**
निविदा खोलने की तिथि	**28.01.2019 (16:00 hrs)**

निविदा "**वरिष्ठ कार्यक्रम निदेशक (बीएंडएस), भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद, आज़ाद भवन, आई.पी एस्टेट, नई दिल्ली -110002"** को संबोधित एक मुहरबंद लिफाफे में जमा की जाएंगी ।

सक्षम प्राधिकारी को बिना किसी कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और परिषद् के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

(कैलाश चंद)
कार्यक्रम अधिकारी (बस्ट और स्टेचू)
दूरभाष: 011-23370413